# नंदकुमारसिंहचौहानशासकीयचिकित्सामहाविद्यालयखण्डवा

लव-कुशनगर, मूंदीरोड़, खण्डवा (म.प्र.), दूरभाष-0733-2245000, Fax-0733-2245001

Email: deangmckhandwa@gmail.com, Website: www.gmckhandwa.org


क्रमांक / 2450 / स्था.तृ.च. / 2022 खण्डवा, दिनांक 01.03.2022 01/04/2022

## / / विज्ञप्ति / /

### (अस्थायी नियुक्ति केवल 03 माह हेतु)

संचालनालय, चिकित्सा शिक्षा भोपाल का पत्र क्रमांक 43 / सं.चि.शि. / हि.प्र. / 03 / 2022 भोपाल, दिनांक 17.03.2022 एवं हिन्दी में एम.बी.बी.एस. के पाठ्यक्रम हेतु बजट प्रस्ताव समिति की बैठक दिनांक 24.03.22 के कार्यवाही विवरण अनुसार नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खण्डवा में हिन्दी प्रकोष्ठ हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर की भर्ती निम्नानुसार की जाना है:–

| स.क्र. | पदनाम | पद संख्या |
|---|---|---|
| 1 | कम्प्यूटर ऑपरेटर | 02 |

- उपरोक्त भर्ती हिन्दी में एम.बी.बी.एस. के पाठ्यक्रम हेतु नर्सिंग कौंसिल भोपाल म.प्र. के अंतर्गत अस्थायी रूप से की जा रही है जिसकी अवधि प्रथम 03 माह तक रहेगी तथा आवश्यकतानुसार बढायी जा सकती है।
- 03 माह पश्चात अगर अवधि नहीं बढायी जाती है तो नियुक्ति आदेश स्वतः समाप्त माना जावेगा जिस संबंध में अभ्यर्थी का किसी भी प्रकार से दावा–अपत्ति मान्य नहीं होगा।
- इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 07/04/2022 तक कार्यालयीन कार्य दिवस में स्वयं उपस्थित होकर अथवा रजिस्ट्री अथवा स्पीड पोस्ट डाक के माध्यम से अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नंदकुमार सिंह चौहान, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, खण्डवा (म.प्र.) पिनकोड 450001 में निर्धारित आवेदन पत्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
- चयनित अभ्यर्थियों का मासिक पारिश्रमिक / मानदेय नर्सिंग कौंसिल भोपाल म.प्र. के मापदण्डानुसार देय होगा।

शैक्षणिक आर्हताएं–

| क्र | पद संख्या | पदनाम | शैक्षणिक आर्हताएं |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 02 | कम्प्यूटर ऑपरेटर | 1. अभ्यर्थी ने हायर सेकेण्डरी परीक्षा (10+2) उत्तीर्ण की हो।<br>2. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर एप्लीकेशन में पत्रोपाधि / प्रमाण–पत्र हो।<br>3. मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाण पत्र (सी.पी.सी.टी.) परीक्षा हिन्दी टंकण के साथ उत्तीर्ण।<br><br>वांछनीय<br><br>4. हिन्दी विषय में स्नातक उत्तीर्ण को प्राथमिकता।<br>5. ऐसे अभ्यर्थी जो शासकीय / अर्द्धशासकीय / सार्वजनिक उपकम / संस्था में संबंधित कार्यरत अनुभवी को प्राथमिकता। |

नंदकुमारसिंहचौहानशासकीयचिकित्सामहाविद्यालयखण्डवा
लव-कुशनगर, मूंदीरोड़, खण्डवा (म.प्र.), दूरभाष-0733-2245000, Fax-0733-2245001
Email: deangmckhandwa@gmail.com, Website: www.gmckhandwa.org

चयन प्रकिया का वेटेज निम्नानुसार रहेगा।

| 12वीं प्रतिशत | सी.पी.सी.टी. | अनुभव | हिन्दी विषय में स्नातक | कुल |
|---|---|---|---|---|
| (%x0.2) Max20 Marks) | न्यूनतम हिन्दी टाईपिंग 10 अंक एवं न्यूनतम अंग्रेजी टाईपिंग 10 अंक प्रत्येक न्यूनतम स्पीड के उपरांत प्रत्येक अतिरिक्त 5 की स्पीड पर 2 अंक अधिकतम 30–30 अंक | प्रत्येक वर्ष के 02 अंक अधिकतम 15 अंक | 05 अंक | 100 |

निरर्हतायें–

- विकृत चित्त वाला होने पर।
- दुश्चरित्र होने पर।
- शारीरिक दुर्बलता के कारण व्यक्ति अपने कर्तव्य बोध एवं दायित्व को पूरा नहीं कर सकता हो।
- नियुक्ति के लिये प्रयास/अनुशंसा – किसी भी उम्मीदवार की ओर से अपनी उम्मीदवारी की सहायता प्राप्त करने हेतु किसी भी जरिये से किया गया कोई भी प्रयास/अनुशंसा उसके लिये अनर्हकारी माना जायेगा।
- विवाह संबंधी – जिस उम्मीदवार ने न्यूनतम निर्धारित आयु (पुरूष वर्ग के लिये 21 वर्ष एवं महिला वर्ग के लिये 18 वर्ष) से पूर्व विवाह कर लिया होगा उसे इन पदों पर चयन हेतु अयोग्य माना जायेगा। कोई भी ऐसे महिला/पुरूष उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे पुरूष/महिला से विवाह किया हो, जिसकी पहले से जीवित पत्नी/पति हो, ऐसे महिला/पुरूष नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होंगे।
- जिस आवेदक की 2 से अधिक संतान हो एवं जिसमें से तीसरी संतान का जन्म दिनांक 26/01/2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो नियुक्ति के लिए पात्र नही होंगे।(दो या दो से कम संतान वाले आवेदक शपथ पत्र प्रस्तुत करें।)
- कूट रचित/फर्जी दस्तावेज एवं चयन के स्तर पर जानकारी छिपाये जाने/अभिलेख फेरबदल कर प्रस्तुत करने पर।
- कदाचरण संबंधी – किसी भी ऐसे उम्मीदवार को नियुक्त नहीं किया जावेगा, यदि उसने शासन या स्थानीय प्राधिकारी की सेवा के कदाचरण के लिये परिणामस्वरूप पदच्युत कर दिया गया हो यदि उसे नैतिक पतन के अपराध पर दोष सिद्ध ठहराया गया हो।
- ऐसा उम्मीदवार जिसके विरूद्ध नैतिक पतन का आपराधिक प्रकरण न्यायालय मे विचाराधीन है अथवा वह नैतिक पतन के आपराधिक मामले में दोष सिद्ध हुआ हो।
- स्वास्थ्य संबंधी – चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक जिसका पद सिविल सर्जन से कम न हो, के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण पश्चात् शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ पाया जाए तथा वह ऐसा प्रमाण पत्र जारी करें।

महत्वपूर्ण टीप :– यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे अपने आवेदित पद के लिये निर्धारित समस्त अर्हतायें और शर्तों को पूरा करते है। अतः आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जाँच स्वयं कर ले और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर

नंदकुमारसिंहचौहानशासकीयचिकित्सामहाविद्यालयखण्डवा
लव-कुशनगर, मूंदीरोड़, खण्डवा (म.प्र.), दूरभाष-0733-2245000, Fax-0733-2245001
Email: deangmckhandwa@gmail.com, Website: www.gmckhandwa.org

ही आवेदन पत्र भरे। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीद्वारी समाप्त की जायेगी। आवेदक के विरूद्ध पुलिस प्रकरण अथवा किसी भी प्रकार की जाँच न हो जिसके कारण आवेदक की नियुक्ति प्रभावित होती हो, इस आशय से संबंधित घोषणा पत्र जो की आवेदन के प्रारूप में दिया गया है। यह शर्त भी उसमें समाहित रहेगी।

सामान्य शर्तेः–

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, खण्डवा द्वारा आवश्यकता अनुसार उक्त पदों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है।

i. अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, खण्डवा किसी भी समय किसी भी स्तर पर आंशिक या पूर्ण विज्ञप्ति या भर्ती प्रक्रिया को बिना किसी कारण रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस संबंध में महाविद्यालय की कोई जवाबदारी नहीं होगीं।
ii. चयन प्रक्रिया संबंधी किसी भी विवाद में अधिष्ठाता, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, खण्डवा द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
iii. नियुक्ति संबंधी कोई भी विवाद माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर तक ही सीमित होगा।
iv. ऐसे आवेदक जिनको दिनांक 26.01.2001 तथा उसके बाद तृतीय बच्चे का जन्म हुआ है, चयन प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र नहीं होगें।
v. वैवाहिक स्थिति – एक से अधिक विवाह किये गये उम्मीदवार पात्र नहीं होंगे अगर प्रथम विवाह से विच्छेद न हुआ हो अथवा मृत्यु न हुई हो।
vi. दस्तावेज सत्यापन के समय पंजीयन से संबंधित पदों हेतु जीवित पंजीयन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा एवं सेवा की अन्य शर्ते नियुक्ति पत्र में दर्शाये अनुसार बंधनकारी होगी।
vii. चयन सूची तैयार करते समय यदि दो या दो से अधिक उम्मीदवार समान अंक प्राप्त करते हैं तो उम्मीदवारों की जन्मतिथि पर विचार किया जायेगा अर्थात अधिक आयु के आवेदक को कम आयु के आवेदक के ऊपर रखा जावेगा। जन्मतिथि समान होने की स्थिति में ऐसे उम्मीदवार को वरीयता दी जावेगी जिन्होने आवेदन किए पद हेतु निर्धारित आवश्यक न्यूनतम अर्हता में अधिक अंक प्राप्त किये हैं। ऐसी स्थिति में जब उपरोक्त दोनों स्थितियॉ एक से अधिक आवेदक के लिये समान हो तो कक्षा 12वीं में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यार्थी को वरीयता दी जावेगी।
viii. आवेदन करने के पूर्व आवेदक विज्ञापन का गहन अध्ययन कर लेवें।
ix. सेवा की अन्य शर्ते नियुक्ति पत्र में दर्शाई अनुसार बंधनकारी होगी।

डॉ. अनंत टी. पवार
अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
नं.सिं.चौ.शा.चि.महा. खण्डवा

# नंदकुमारसिंहचौहानशासकीयचिकित्सामहाविद्यालयखण्डवा

लव-कुशनगर, मूंदीरोड़, खण्डवा (म.प्र.), दूरभाष-0733-2245000, Fax-0733-2245001

Email: deangmckhandwa@gmail.com, Website: www.gmckhandwa.org


## आवेदन का प्रारूप
## कम्प्यूटर ऑपरेटर (अस्थायी) पद हेतु आवेदन–पत्र

नोटः– सभी जानकारी आवेदक द्वारा पूर्ण की जावें।

आवेदित पद का नाम :– ..........................................................................................

1. आवेदक का नाम :– ..........................................................................................
2. पुरूष / महिला :– ..........................................................................................
3. पिता / पति का नाम (उपनाम सहित) :– ..........................................................................................
4. वर्तमान निवास स्थान का पता (पिनकोड सहित) :– ..........................................................................................

..........................................................................शहर का नाम :– ......................................

मोबाईल नं. :– ................................ ई–मेल आई.डी. :– ..........................................................................

5. स्थायी पता :– ..........................................................................................

..........................................................................................

शहर का नाम :– ........................................ फोन नं. :– ..........................................................................

6. आधार कार्ड नं. :– ..........................................................................................
7. जन्मतिथि (हाईस्कूल अंकसूची संलग्न करें) :– .............आयु .......वर्ष माह ...............दिवस ..........
8. विवाहित / अविवाहित :– ............................ विवाहित होने पर संतान की संख्या :–.......
9. शैक्षणिक योग्यताऐं :– (प्रमाण पत्र एवं अंकसूची की स्वप्रमाणित सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।) पद के अनुसार योग्यता अंकित करें।

| क्र. | परीक्षा का नाम | संस्था / बोर्ड / वि.वि. | वर्ष | विषय | प्राप्तांक / पूर्णांक | कुल प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रयास |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | |

नंदकुमारसिंहचौहानशासकीयचिकित्सामहाविद्यालयखण्डवा
लव-कुशनगर, मूंदीरोड़, खण्डवा (म.प्र.), दूरभाष-0733-2245000, Fax-0733-2245001
Email: deangmckhandwa@gmail.com, Website: www.gmckhandwa.org

10. अनुभव :–

| क्र. | पदनाम | पद पर कार्यभार ग्रहण का दिनांक | अनुभव वर्ष/माह/दिन | सक्षम अधिकारी पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर

- संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची (स्वप्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करें।)
  जो भी लागू हो।

1. जन्मतिथि के लिए कक्षा 10वीं की अंकसूची।
2. कक्षा 12वीं की अंकसूची।
3. स्नातक की अंकसूची यदि हो तो।
4. स्नातकोत्तर की डिग्री यदि हो तो।
5. स्थानीय निवास प्रमाण पत्र।
6. जाति प्रमाण पत्र।
7. कम्प्युटर एप्लिकेशन प्रमाण पत्र
8. सी.पी.सी.टी. प्रमाण पत्र।
9. कार्यानुभव प्रमाण पत्र।

➢ आवेदन का बंद लिफाफा मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, खण्डवा लवकुश नगर, मुंदी रोड़ खण्डवा के नाम भेजे एवं लिफाफे पर आवेदित पद का नाम एवं आवेदक का नाम आवश्यक रूप से अंकित करें।

नोट :– संबंधित पद की अर्हतायें आवेदक द्वारा सुनिश्चित कर आवेदन पत्र की पूर्ति कर ही आवेदन करें।

स्थान : ....................................

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर

दिनांक : ......................................

## //घोषणा–पत्र//

1. मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्ण एवं सत्य है। जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति पत्र निरस्त किया जा सकेगा।
2. मेरे विरूद्ध पुलिस प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज नही है, और मेरे विरूद्ध कोई जॉच प्रचलन में नही है।
3. मै प्रमाणित करता/करती हूं कि मुझे नैतिक पतन के किसी अपराध मे किसी न्यायालय द्वारा न तो दोषी पाया गया है और न ही मेरे विरूद्ध इस प्रकार का कोई प्रकरण किसी भी न्यायालय में विचाराधीन है।

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर